**खबर संक्षेप**

### संविधान के अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया

**मण्डला।** पी.एम.कॉलेज आफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में आज दिनांक 05.03.2025 को प्राचार्य डॉ.अनिल गुप्ता के निर्देषन में एवं डॉ.टी.पी.मिश्रा विभागाध्यक्ष राजनीतिषास्त्र के अध्यक्षता में भव्यता के साथ संविधान का अमृत महोत्सव मनाया गया। डॉ.टी.पी. मिश्रा द्वारा संविधान के निर्माण संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार मूल कर्तव्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बार-बार डॉ.भमराव अम्बेडकर को स्मरण किया गया। तत्पष्चात विद्यार्थियों सहित संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गयी। संविधान के महत्व में डॉ.एस.के.श्रीवास्तव एवं डॉ.एस.आर.बघेल ने अपने विचार व्यक्त किये। छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पी.मालवे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सदस्य डॉ.सैयद निहा, श्री रामकुमार चौरसिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

### नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक 10 को

**मण्डला।** वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिये गये निर्देशानुसार नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत राज्यस्तरीय समिति की बैठक 12.11.2024 को प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रमुख सचिव महोदया के निर्देशानुसार नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक कराये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं। साथ ही जिला स्तरीय नारको कोर्डिनेशन (एन.सी. ओ.आर.डी.) की बैठक प्रतिमाह द्वितीय सोमवार (टी.एल.) के पश्चात किये जाने हेतु लेख है।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया नगर का औचक भ्रमण

# मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने दिये निर्देश

*** क्या वास्तव में हट पायेंगे अतिक्रमण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शहर की एक बड़ी समस्या अतिक्रमण है अतिक्रमण के भी बहुत से रूप हैं जैसे रोजाना अपनी दुकान का सामान सड़क तक सजाना, वाहनों को सड़क पर खड़ा करना, दुकानों के सामने ठेलों का लगना तथा अन्य तरह की और वे दुकानें जो अस्थाई रूप से कभी भी कहीं भी लगा दी जाती हैं नगरपालिका प्रशासन को महज इनसे वसूली करना होता है इसके अलावा अन्य कोई कार्यवाही कभी कभार ही हो पाती है।

कल जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुये नगर भ्रमण किया और नगरपालिका मार्केट के सामने से लेकर ज्ञानदीप स्कूल तक



जो अस्थाई अतिक्रमण थे उन्हें हटाने निर्देशित किया। नगरवासी आशा करते हैं कि यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी और आने वाले दिनों चिलमन चौक से लेकर बुधवारी चौराहे तक एवं दूसरी ओर बिंझिया चौराहे तक यही कार्यवाही होगी। इसके साथ ही कार्यवाही के बाद यदि पुनः कोई दुकानदार अतिक्रमण करता है तो उस पर दण्डात्मक कार्यवाही की जानी चाहिये इसके साथ-साथ जो शासकीय भूमि पर स्थाई अतिक्रमण या स्थाई निर्माण करा दिये गये हैं उनके विरूद्ध भी कार्यवाही होनी चाहिये।



बैगा-बैगी चौक से बड़ चौराहा तक नगर के मुख्य मार्ग पर सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने औचक भ्रमण किया। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराएं। सड़क के दोनों ओर नगरपालिका कॉम्पलेक्स की दुकानों के सामने लगाए गए पार्किंग ब्लॉक्स पर पार्किंग के निशान लगाएं। दुकान संचालकों को पार्किंग एरिया में ही वाहनों को पार्क कराने के लिए ताकीद करें। प्योर ब्लॉक्स पर गंदगी करने वाले ऑटोपार्टस की दुकानों के संचालकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही करें। जिन दुकानों में निर्धारित स्थान के बाहर तक सामग्री सजाकर रखी गई है उन पर भी फाईन लगाएं। इस दौरान एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी, नगर निरीक्षक कोतवाली मंडला श्री शफीक खान, नगर निरीक्षक यातायात श्री ललित धुर्वे सहित पुलिस बल एवं नगरपालिका की टीम उपस्थित रही।

### निराश्रित पशुओं को गौशाला में शिफ्ट करें

मुख्य मार्ग के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने नगरपालिका के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क पर बैठे अथवा यहां-वहां घूम रहे निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट करें। यह सुनिश्चित करें कि सड़क पर निराश्रित पशु न पाए जाएं। रेडक्रॉस चौराहे के पास अस्थाई रूप से बैठकर चारा विक्रय करने वालों को मंडी परिसर में शिफ्ट करवाएं।

### उठाए गए सड़क पर खड़े वाहन, स्पॉट फाईन किया गया

कलेक्टर तथा एसपी के नगर भ्रमण के दौरान पार्किंग क्षेत्र के बाहर सड़क किनारे खड़े दोपहिया तथा चारपहिया वाहनों को पुलिस एवं नगरपालिका की टीम द्वारा जप्त किया गया। जप्त वाहनों को तत्काल थाना कोतवाली परिसर भेजा गया। जिन वाहन मालिकों ने सड़क किनारे लापरवाहीपूर्वक वाहन खड़ा किया था उन पर स्पॉट फाईन भी लगाए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि 10 दिवस के अंदर अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि नगरपालिका एवं राजस्व की टीम नियमित रूप से इसका फॉलोअप करें।

## पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य




*** सीएससी सेंटर में जाकर अपनी फार्मर आइडी बनवायें किसान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के एगोस्टैक योजना अतंर्गत प्राप्त निर्देश अनुसार प्रत्येक किसान की फार्मर आइडी बनाये जाने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गए हैं। इसके अंतर्गत प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। यह किसानों को सरकारी सेवाओं का लाभ देने हेतु भारत सरकार की एक नई पहल है, इससे किसानों को वर्तमान में कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान किया जा सकेगा। इसके साथ ही मार्च 2025 के उपरांत पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य होगा। वर्तमान में जिले में कुल 161244 कृषकों की फार्मर आइडी बनाये जाने का लक्ष्य है अभी तक 111654 का पंजीकरण सफलतापूर्वक कराया जा चुका है।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा जिले के समस्त पीएम किसान योजना लाभार्थी किसानों से यह अपील की गई है कि अपने क्षेत्र के पटवारी, स्थानीय युवा से संपर्क कर अथवा अपने नजदीकी सीएससी सेंटर में जाकर अपनी फार्मर आइडी बनवायें। साथ ही ऐसे कृषक जिनको फॉर्मर आईडी बनवाते समय मोबाईल पर ओटीपी न आना जैसी समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है वे अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस में संपर्क करने अपने आधार से अपने मोबाईल नंबर को लिंक करवायें। प्रत्येक तहसील में पंचायत स्तर पर आगामी 20 मार्च तक कैंप लगाने के निर्देश जारी किये गये हैं। उक्त कैंपों में संबंधित कृषक पहुंचकर अपनी फार्मर आईडी तैयार करवा सकते हैं। फार्मर आईडी से किसानों को भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी।

### थाना पुलिस बिछिया में संपन्न हुई शांति समिति बैठक

**भुआबिछिया।** आगामी होली त्यौहार को शांति एवं सदभावना पूर्वक मनाए जाने हेतु पुलिस थाना बिछिया मे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया सोनाली देव (आईएएस) की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें अनु. अधिकारी पुलिस बिछिया तहसीलदार बिछिया थाना प्रभारी बिछिया सीएमओ बिछिया, नगर के गणमान्य नागरिक, होलीका समिति के अध्यक्ष सदस्य उपस्थित रहे! नगर में शांति का माहौल बनाते हुए होलिका उत्साह प्रेम व्यवहार पूर्वक मनाने ,नशीले पदार्थों सेवन नहीं करने ,यातायात नियमों का पालन करने ,शराब पीकर वाहन नहीं चलने ,होली त्यौहार को सौह्द्रता सदभावना पूर्वक मनाकर ,कानून व्यवस्था बनाने में शासन का सहयोग करने हेतु आमजन से अपील की गई।

### वेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मण्डला।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर वेदी प्रतिष्ठा के अंतिम दिन के उपलक्ष्य में आदरणीय बाल ब्रह्मचारी अभय भैया जी व समस्त दादी परिवार को मूलनायक श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान जी को विराजमान करने का और प्रथम मस्तकाभिषेक करने का अवसर मिला इस उपलक्ष्य में महाआरती की शोभायात्रा विद्या निलय निज निवास में (डा. शैलेन्द्र गुप्ता की गली ) भगतसिंह वार्ड से श्री शांतिनाथ दि. जैन मंदिर जी से होते हुए श्री पार्श्वनाथ दि. जैन मंदिर जी के लिए प्रस्थान करेंगे वहां पर भव्य महाआरती पश्चात 48 दीपकों से भक्तामर जी का पाठ और भैया जी के प्रवचन होंगे।

### ज्ञानदीप स्कूल के निर्माणाधीन भवन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नगर के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने ज्ञानदीप इग्लिश मीडियम हायरसेकेंडरी स्कूल परिसर में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। नए बनाए जा रहे भवन में भूतल तथा प्रथम तल में चार-चार स्मार्ट क्लास रूम तथा द्वितीय तल में हॉल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें विभिन्न पाठ्येत्तर गतिविधियों का संचालन हो सकेगा। इसके लिए पुराने ज्ञानदीप स्कूल के कार्यालय के भवन को ध्वस्त किया गया है। साथ ही नीव का कार्य प्रारंभ है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाएं तथा तोड़े गए पुराने भवन का मलबा व्यवस्थित रखें। निर्माण में गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

#### निर्माणाधीन पासपोर्ट कार्यालय का किया निरीक्षण

नगर भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने मुख्य डाकघर परिसर में निर्माणाधीन पासपोर्ट कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने पोस्ट मास्टर से भवन के निर्माण के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी, नगर निरीक्षक कोतवाली मंडला श्री शफीक खान, नगर निरीक्षक यातायात श्री ललित धुर्वे सहित पुलिस बल एवं नगरपालिका की टीम उपस्थित रही।

## कपिल वर्मा बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा जिले में संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। महासभा ने कपिल वर्मा को जिला अध्यक्ष, मण्डला (मध्यप्रदेश) पद पर मनोनीत किया है।

यह नियुक्ति महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शशिकांत भटनागर की अनुशंसा पर की गई है। कपिल वर्मा को अगले एक वर्ष तक अथवा आगामी आदेश तक इस पद पर कार्य करने का दायित्व सौंपा गया है। महासभा ने विश्वास व्यक्त किया है कि वे अपने कार्यों के माध्यम से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में योगदान देंगे।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने अपने उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि संगठन सामाजिक सेवा, संस्कृति, शिक्षा, सहयोग एवं कायस्थ समाज के उत्थान हेतु निरंतर कार्यरत है। महासभा के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

अपने कार्यकाल के दौरान कपिल वर्मा संगठन की नीति एवं कार्यक्रमों के संचालन में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न विचारधाराओं और रचनात्मक गतिविधियों को अपनाते हुए समाज के हित में कार्य करें एवं महासभा को मजबूत बनाएं।

इस नियुक्ति की सूचना महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों सुबोधकांत सहाय (राष्ट्रीय अध्यक्ष), मुकेश श्रीवास्तव (वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष), रामेश्वर मोहन श्रीवास्तव (राष्ट्रीय महामंत्री), शशिकांत भटनागर (प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष) और राजीव राय (प्रदेश महामंत्री) को भी दी गई है।

यह नियुक्ति 4 मार्च 2025 को जारी की गई एवं तत्काल प्रभाव से लागू होगी। महासभा ने आशा जताई है कि कपिल वर्मा अपने पद की जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाते हुए समाज एवं संगठन की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**फरमान** | **तहसीलदार बिछिया द्वारा जारी किये गये नोटिस।**

# भू-राजस्व/डायवर्सन वसूली हेतु बकायादारों को नोटिस

*** जमा न करने पर होगी नीलामी की कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बिछिया ने बताया कि तहसील बिछिया क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के भू-राजस्व/डायवर्सन वसूली के लिए श्री सुदीपगिरी ग्राम भुआ रैयत से 43950 रूपए, श्री संदीप गिरी ग्राम भुआ रैयत से 43950 रूपए, सुश्री सुनिता ठाकुर ग्राम भुआ रैयत से एक लाख 5 हजार 782 रूपए, श्री सीमंत भट्ट ग्राम भुआ रैयत से एक लाख 98 हजार 117 रूपए, श्री सुधीर साहू ग्राम भुआ रैयत से 50 हजार रूपए, श्री निलेश गिरी ग्राम भुआ रैयत से 40 हजार 200 रूपए, श्री महेन्द्र ग्राम बिछिया रैयत से 16 हजार 767 रूपए, श्री धीरेन्द्र ग्राम बिछिया रैयत से 4 हजार 52 रूपए, श्री चंद्रकांत शर्मा ग्राम भुआ रैयत से 29 हजार 994 रूपए, श्री अनुपम अग्रवाल ग्राम भुआ रैयत से 8 हजार 446 रूपए, श्री भीष्म राय ग्राम बिछिया रैयत से 62 हजार 193 रूपए, श्री अतुल कटारे ग्राम बिछिया रैयत से 7 हजार 570 रूपए, श्रीमती रामेश्वरी ग्राम बिछिया से 65 हजार 501 रूपए, श्री पुष्पभान राठौर ग्राम बिछिया रैयत से 24 हजार 327 रूपए, डायोसेशन कॉर्पोरेशन ऑफ जबलपुर ग्राम कुड़ैला रैयत से 46 हजार 350 रूपए, अकांक्षा पांडे ग्राम बिछिया रैयत से 39 हजार 793 रूपए, सुश्री ऊषाकिरण मरावी ग्राम बिछिया रैयत से 12 हजार 2 रूपए, बापा वनवासी सेवा मंडल ग्राम बिछिया रैयत से 32 हजार 403 रूपए, श्री राजेश पांडे ग्राम बिछिया रैयत से 34 हजार 254 रूपए, इस्माईल खान ग्राम बिछिया रैयत से 13 हजार 431 रूपए, श्रीमती अंजना राय ग्राम बिछिया रैयत से 45 हजार 445 रूपए बकायादारों से वसूली के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बकायादार बकाया राशि का भुगतान भू-लेख पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर चालान की एक प्रति कार्यालय में 2 दिवस में जमा करें अन्यथा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 के अंतर्गत चल/अचल संपत्ति कुर्क कर नीलामी की कार्यवाही की जाएगी।

### वसूली हेतु 14 बकायादारों को नोटिस जारी

तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बिछिया ने बताया कि तहसील बिछिया क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के भू-राजस्व/डायवर्सन वसूली के लिए श्री अमनदीप खन्ना ग्राम खटिया नारंगी से 2 लाख 71 हजार 660 रूपए, श्री महेश कुमार ग्राम खटिया नारंगी से 17 हजार 598 रूपए, श्री सचिन ग्राम खटिया नारंगी से 89 हजार 330 रूपए, श्री प्रविन्द्र पटेल ग्राम खटिया नारंगी से 19 हजार 868 रूपए, श्री प्रताप ग्राम खटिया नारंगी से 18 हजार 324 रूपए, श्री विनती ग्राम सैंतिया से 8 लाख 38 हजार 976 रूपए, श्री चंद्रकला परस्ते ग्राम सौंतिया से 1 लाख 18 हजार 976 रूपए, श्री शिवचरण ग्राम सौंतिया से 56 हजार 276 रूपए, श्री मुरलीधर ग्राम मोचा से 2 लाख 47 हजार 924 रूपए, श्री सुमित दिवान ग्राम मोचा से 2 लाख 76 हजार 693 रूपए, श्री राजतिलक ग्राम बोड़ाछपरी से 1 लाख 532 रूपए, श्री संजीव कुमार ग्राम बोड़ाछपरी से 1 लाख 12 हजार 38 रूपए, श्री रोशन प्रमोद ग्राम बोड़ाछपरी से 10 हजार 532 रूपए तथा श्री निर्मल दीवान ग्राम बोड़ाछपरी से 1 लाख 5 हजार 182 रूपए बकायादारों से वसूली के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बकायादार बकाया राशि का भुगतान भू-लेख पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर चालान की एक प्रति कार्यालय में 2 दिवस में जमा करें अन्यथा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 के अंतर्गत चल/अचल संपत्ति कुर्क कर नीलामी की कार्यवाही की जाएगी।

## लाईनमेन दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंगलवार को लाईनमेन दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अधीक्षण अभियंता मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कार्यालय मंडला में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर के लाईनमेन पहुंचे। यहां पर मां सरस्वती का पूजन करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री खान ने कहा कि लाईनमेन विषम परिस्थितियों में भी कार्य करते हुए आग हवा पानी बारिश हर स्थिति में 24 घंटे अपनी सेवा देते हैं। यह कार्यक्रम उनके सम्मान को लेकर आयोजित किया गया है। इस अवसर पर भोपाल के वरिष्ठ अधिकारी के संदेश का वाचन किया गया और लाईनमेनों को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाईनमेनों का प्रमाण पत्र से सम्मान किया गया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता आयूब खान, कार्यपालन अभियंता मंडला इमरान खान, सहायक अभियंता ब्रजेश उईके, कार्यपालन अभियंता बिछिया मयंक चौरसिया, सहायक अभियंता अंकुर बिज, कार्यपालन अभियंता एसटीसी राकेश अमपुरी, कनिष्ठ अभियंता श्रीमति शीतल गुप्ता, कार्यपालन अभियंता प्रवर्तन महेश साहू, सहायक अभियंता सुनील साहू, कनिष्ठ अभियंता सिझौरा रितेश बनवारी, कनिष्ठ अभियंता नारायणगंज राहुल सिंह, मुकेश तिवारी सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं लाईनमेन उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पिण्डरई माल जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत पिण्डरई माल में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत आदि की आवश्यकता है इसके लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सचिव
ग्राम पंचायत पिण्डरई माल
जन.पंचा. नारायणगंज, मण्डला

सरपंच
ग्राम पंचायत पिण्डरई माल
जन.पंचा. नारायणगंज, मण्डला

**खबर संक्षेप**

## लड़की से बात करने को लेकर दो के बीच हुई मारपीट, काउन्टर मामला दर्ज

**गाडरवारा।** मनचलों की हकरतें इस तरह हाबी होते चली जा रही है कि जब इनकी मनमानी को लेकर परिजनो द्वारा आवाज उठाई जाती है तो मनचले उनके साथ मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया में देखने मिली है। बताया जाता है कि लड़की से बात करने पर से लेकर दो के बीच मारपीट होने पर पुलिस द्वारा काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुयें दिवस ग्राम कौड़िया ही निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि धनराज महोबिया द्वारा लड़की से बात करने से मना किये जाने की बात को लेकर लेकर बीते हुये दिवस गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। वही दूसरे पक्ष की ओर की गई शिकायत में बताया है कि शैलेन्द्र खंगार नामक युवक द्वारा प्रार्थी की शिकायत गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## टंड समाप्त होते ही मच्छरों की फौज के हमले से डाक्टरों के घरों पर लग रही भीड़

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर के आवासीय ईलाको, कालोनियो वर्षो पूर्व मकान बनाने के मकसद से लोंगो ने प्लॉट तो खरीद लिये है। किन्तु उनके द्वारा अभी तक मकान नही बनाने से इन खाली प्लॉटो में घरो से रोज निकलने वाला गंदा पानी एकत्र हो रहा है, कचरा फेंका जा रहा, जिससे उठती दुर्गन्ध पनपते मच्छरो से रहवासियों का जीना दूभ्झर हो रहा है, अनेक शहरवासियो ने हरिभूमि को बताया कि शहर में लम्बे अरसे से सम्पन्न व्यक्तियो ने जिन प्लांटो की खरीदी कर उनका उपयोग नही किया है, उनमें झाड ऊग आए है, गाजरघास का साम्राज्य हो गया है तथा अधिकतर खाली प्लॉट आवारा जानवरो का अड्डा बन गए है। गौरतलब है कि इस वर्ष बारिश के महिनों में अत्याधिक वर्षा होने से नगर के बहुत से खाली प्लॉटो में पानी भरने से वे तालाब में तब्दील हो गए थे और बच्चों ने इन प्लॉटो के पास सुरक्षा के लिहाज से खेलना तक बन्द कर दिया था, जिसके चलते वर्तमान समय में फेन्सिंग विहीन नगर के इन खाली प्लॉटो की दशा ठीक नहीं है। वही दूसरी ओर इन दिनों ठंड पर ब्रेक लगने के कारण अब यहां पर फैल रही गंदगी के चलते मच्छर पैदा होने की शुरूआत भी हो चुकी है।

## सड़कों पर महीनों तक पड़ी रहने वाले भवन सामग्री दुर्घटनाओं को दे रही आमंत्रण

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से लोग नगर की सड़कों सहित सार्वजनिक स्थलों को अपने निजी स्वार्थो के लिए उपयोग कर रहे है उसके चलते यह जान पड़ने लगा है कि शायद अब इस नगर का भगवान ही मालिक है? क्योंकि मुख्य सड़कों पर तहां तहां पड़ी निर्माण सामग्री अथवा समारोहों को टेन्ट आदि भी आवागमन को अवरूद्ध करते हुए देखे जा रहे है, वही संकीर्ण चौड़ाई वाले क्षेत्रों में या तो फुट पाथी दुकानदार बैठकर संकीर्णता पैदा करते हैं अथवा सड़कों पर डली निर्माण सामग्री या गंदगी भी ऐसा अवरोध पैदा करती हैं, सड़कों का इस तरह का उपयोग नई बात नहीं है, हालांकि ऐसा करना वैधानिक भी नहीं है? परंतु कार्यवाही के अभाव में ऐसा किया जाना वैधानिक जैसा लगने लगा है और करने वाला अपना अधिकार समझने लगा है, जिसका परिणाम है कि नगर में सड़कों पर यत्र चत्र निर्माण सामग्री भरी पड़ी रहती है, यह निर्माण सामग्री निजी मकानों की भी है या नगर पालिका के द्वारा ही फैलाये जाते हैं, निर्माणाधीन सड़क का आधा भाग ऐसी सामग्री के चलते अवरूद्ध रहता है वहीं शेष आधी सड़क से आने जाने वालों का मुश्किलों के साथ यातायात हो पाता है।

# हूटर वाली गाड़ियों पर कार्यवाही का प्रदेश स्तर से हुआ आदेश, अब देखना यह होगा कि स्थानीय अधिकारी पालन करते है या फिर मात्र औपचारिकता ही होगा साबित




हरिभूमि
शहर से लेकर गांव गांव घूम रही पुलिस का सायरन बजाते हुये प्रभावशाली लोगों की निजी गाड़ियां










**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

अक्सर देखा जाता है कि लोगों द्वारा अपना रूतबा दिखाने के लिये जिस तरह अपने वाहनों में हूटर सहित पुलिस सायरन लगाते हुये सड़को पर इस तरह घूमते हुये नजर आते है जिसके चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जाता है। जबकि इस तरह वाहनों में हूटर हो या फिर सायरन सहित उनमें पद से संबंधित प्लेट लगाने का उपयोग सिर्फ चिन्हित लोगों के पास होता है। मगर हाल इस तरह से देखे जा रहे है जिसकी मर्जी होती है वह अपने वाहनों में नियमों को दर किनार करते हुये हूटर सहित पुलिस सायरन या फिर पद की प्लेट लगाकर घूमते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की चुप्पी सबाल खड़े करने से नही चूक रही थी। कुछ इसी प्रकार से हरिभूमि द्वारा अपने बीते हुये 1 मार्च 2025 के अंक में भी प्रमुखता से उठाया गया था। मगर अभी तक इस संबंध में किसी तरह से कोई कार्यवाही होते हुये दिखाई नही पड़ी है। मगर अब इस तरह हूटर व सायरन लगाकर घूमने वाले वाहनों को लेकर शासन सख्त नजर आते हुये दिखाई देखा जा रहा है। इसी के चलते प्रदेश स्तर पर हूटर व सासरन लगे हुये वाहनों पर कार्यवाही को लेकर प्रदेश स्तर से आदेश जारी हुआ है। अब देखना यह होगा कि इस आदेश का पालन होता है या फिर स्थानीय अधिकारियों द्वारा अन्य आदेशों की तरह इस आदेश को भी रद्दी की टोकरी के हावले कर दिया जावेगा जो मात्र औपचारिकता पूर्ण साबित होकर रह जावेगा। प्रदेश स्तर से जारी हुये आदेश को लेकर बताया जाता है कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा बीते हुये 1 मार्च 2025 को जारी किये अपने आदेश में प्रदेश के समस्त जिला पुलिस अधीक्षको को निर्देष दिये गये है कि निजी वाहनों में हूटर, प्लेश लाईट, VIP स्टीकर एवं गलत नम्बर प्लेट का दुरूपयोग करने वाले वाहन चालको के खिलाफ कार्यवाहीी करे। आदेश में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि लोगो द्वारा अपने मोटर व्हीक्ल एक्ट के प्रावधानों के विरूद्ध निजी वाहनों में हूटर, वाहन के ऊपर प्लेश लाईट, वाहन पर VIP स्टीकर चस्पा करना एवं गलत नम्बर प्लेट के मामले कुछ समय से लगातार बढते हुये देखे जा रहे है। इस तरह के वाहनों के खिलाफ 1 मार्च से 15 मार्च 2025 तक यानि की 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाते हुये कार्यवाही की जावे। इस प्रकार से इस आदेश को जारी हुये आज जहां 6 दिन का समय बीते चुका है। मगर अभी तक हमारे क्षेत्र में तो इस तरह की कार्यवाही होते हुये दिखाई नही दे रही है। अब देखना है कि शेष बचे 11 दिनों में यह कार्यवाही होती है या फिर प्रदेश स्तर पुलिस मुख्यालय से जारी हुआ यह आदेश स्थानीय स्तर के अधिकारी रद्दी की टोकरी के हवाले करते है यह तो आने वाली 11 दिन का समय ही बतायेगा..?

## शक्तिधाम देवी दरबार में विराजमान हुई भव्य प्रतिमा, मां दुर्गा की कृपा ही हर जीव का कल्याण करती है - दीनबंधु





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर के शक्तिधाम पलोटन गंज में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत एक से सात मार्च तक प्राण प्रतिष्ठा शतचंडी महायज्ञ एवं देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है। इस दौरान कथा श्रवण करने प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। वही आयोजन के पांचवे दिन बुधवार माँ दुर्गा की महिमा का वर्णन सुनाते हुये पंडित दीनबंधु शरण शर्मा, श्रीधाम वृन्दावन ने कहा कि मां दुर्गा की कृपा ही हर जीव का कल्याण करती है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने पुत्र प्रद्युम्न के शंबरासुर द्वारा चोरी किए जाने पर देवी आराधना की और नौ दिन श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया और चंडी यज्ञ हुआ। इस तरह नवरात्रि के व्रत किए तब जगदंबा ने दर्शन देकर कहा कि आपके पुत्र कुशल हैं, वे शीघ्र आपको प्राप्त होंगे। ऐसे ही आगे बताया एक महिषासुर नामक असुर हुआ जिसकी स्त्री द्वारा मृत्यु होगी ऐसा वर प्राप्त था, मां जगदंबा ने महिषासुर संग अनेक असुरों का उद्धार किया। उन्होंने कहा धन्य हैं वह लोग जो मां दुर्गा की महिमा का गुणगान देवी पुराण कथा में सुनते हैं। देवी पुराण साक्षात मां दुर्गा है। जीवन में हम चाहे व्रत करें न करें लेकिन एक व्रत हमेशा व्यक्ति को करना चाहिए।यदि व्यक्ति मन की बुराइयों को त्याग दे तो यह भी किसी व्रत से कम नहीं है। व्यक्ति यदि ज्ञानवान है, बुद्धिमान है तो उसे इसका उपयोग करना चाहिए। दूसरों के कल्याण के लिए अपना ज्ञान वितरण करना चाहिए। उपवास रखना ही व्रत नहीं है, मन से किए गए श्रेष्ठ कार्य भी व्रत के समान ही है। जीवन में हम यदि किसी एक संकल्प को व्रत मानकर करें तो वह भी व्रत-उपवास से कम नहीं है।इसके अलावा बुधवार को शक्तिधाम मंदिर में देवी माँ की प्रतिमा अपने स्थान पर विराजित हुई। जहां प्राण प्रतिष्ठा के शेष आयोजन होंगे। वहीं यज्ञ मे सैकड़ो लोगों ने पहुंच कर यज्ञशाला की परिक्रमा लगाई। प्रातःकाल से लेकर देर रात तक दरबार में भक्तिरस की गंगा प्रवाहित हो रही है। जिसमें श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। कथा में चल रहे सुंदर संगीतमय भजनों पर लोग भक्ति में लीन होकर नृत्य करते हुये देखे जा रहे है।

# एनटीपीसी में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह समारोह का हुआ भव्य शुभारंभ








**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम गांगई के पास स्थित एनटीपीसी गाडरवारा में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह समारोह का शुभारंभ 4 मार्च 2025 को हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एक सुरक्षित कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख प्रोबल मंडल (हेड ऑफ प्रोजेक्ट) सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। वही समारोह की शुरुआत सुरक्षा ध्वजारोहण से हुई, जिसके पश्चात महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं प्रचालन ) समरेन्द्र कुमार रॉय ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। इस मौके पर परियोजना प्रमुख प्रोबल मंडल ने सभा को संबोधित करते हुए कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। वही उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें और एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक (ओएंडएम) समरेन्द्र कुमार रॉय, अपर महाप्रबंधक (टीएस) सेट्टी रामकृष्णन कार्तिकेयन,अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) आलोक रंजन बेहरा, उप कमांडेंट (सीआईएसएफ) स्नेह कुमार पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं सीआईएसएफ के अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर परियोजना प्रमुख प्रोबल मंडल द्वारा सुरक्षा रथ का उद्घाटन किया गया। इस सुरक्षा रथ का उद्देश्य टाउनशिप और प्लांट क्षेत्रों में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह एक बैटरी-संचालित मोबाइल सुरक्षा इकाई है, जिसे कार्यस्थल और सामुदायिक स्थलों तक पहुँचाने के लिए निर्मित किया गया है। बताया जाता है कि इसके माध्यम से कर्मचारियों, श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा उपायों, दुर्घटनाओं की रोकथाम और आपातकालीन प्रोटोकॉल के बारे में जागरूक किया जाएगा। सुरक्षा रथ के जरिये सुरक्षा विशेषज्ञ विभिन्न स्थानों पर जाकर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित करेंगे, सुरक्षा सामग्री वितरित करेंगे और प्राथमिक चिकित्सा, अग्नि सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रोटोकॉल पर ऑन-साइट प्रदर्शन देंगे। यह पहल सुरक्षा को केवल एक जागरूकता अभियान तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि इसे एक सक्रिय प्रयास के रूप में स्थापित करेगी, जिससे भविष्य में कार्यस्थल और जीवन के हर क्षेत्र में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने, दुर्घटनाओं को कम करने और कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की भलाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुरक्षा केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम सभी सुरक्षित कार्य प्रणालियों को अपनाएँ, सतर्क रहें और दूसरों को भी इसके प्रति प्रेरित करें। आइए, आज ही यह संकल्प लें कि हम सुरक्षा को अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकता बनाएँगे! क्योंकि सुरक्षा सिर्फ एक ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि एक शक्ति है जो हमें निडर और आत्मविश्वासी बनाती है। चाहे हम कार्यस्थल पर हों या घर पर, हर परिस्थिति के लिए तैयार रहकर हम न केवल खुद को, बल्कि अपने परिवार और समुदाय को भी सुरक्षित रख सकते हैं। जागरूक रहें, सतर्क रहें और हर कदम पर सुरक्षा के साथ आगे बढ़ें।

# बढ़ती जा रही महंगाई से अन्नदाता किसान हो रहा है हताश, खेती को लाभ का सौदा बनाना हुआ मुश्किल

**हरिभूमि न्यूज/ कल्याणपुर।**




क्षेत्र के किसान मेहनती है उनकी जीविका खेती से चलती है,उनके सपने फसलों की पैदावार से लहलहाते और उन्हे सही मायनें में हरे भरे खेत देखकर ही सुख का अहसास होता है। किन्तु समय के रथ का पहिया कुछ वर्षो से उलटा घूमने की स्थिति में क्षेत्र के अन्नदाता किसान मुसीबतों की बेड़ियों में जकड़ते जा रहे है। क्योंकि कृषि कार्य के जरूरी सामग्री व उपकरण महॅगे होनें से क्षेत्रीय किसानों को मप्र. सरकार की मंशा के अनुरूप खेती को लाभ का सौदा बनाने में कठिनाई हो रही है। ज्ञात हो कि म.प्र सरकार द्वारा किसानों के हित में की गयी घोषणाओं के दौर में इस वर्ष अच्छी बारिश नही होने के कारण किसानों की फसलें अच्छी नही हुई तो वही दूसरी ओर गन्ना की फसल भी मार खा चुकी है जिसके चलते इस समय किसान परेशान होता हुए देखा जा रहा है तथा क्षेत्र किसान भीषण महॅगाई से तंग है। अनेक समस्याऍ उनका हौसला तोड़ते हुए हताशा की दशा में ले आयी है। क्योंकि खून पसीना बहा अन्न पैदा कर बाजार को चमक देने वाले किसानों की पीड़ा के सम्बंध में हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए ग्राम महगंवा के सुधीर कौरव ने कहा कि फसलों की बोवनी करने के पश्चात जरूरी खादों के भाव आसमान को छू रहे है। कृषि कार्य करने के उपकरण, ट्रेक्टरों, मजदूरी की दरे पहले की अपेक्षा बढ़ गयी है। ऐसे में बारिश से छल के शिकार किसानो को खेती करना उलझन भरा काम लगने लगा है और किसानों की नई पीढ़ी का किसानी से मोहभंग हो रहा है। फिलहाल जरूरी है कि शासन प्रशासन किसानों की समस्याऍ दूर करने की पहल करें।ग्राम घघरोला निवासी कृषक महेन्द्र करहैया के अनुसार क्षेत्र के अधिकतर गॉवों में विद्युत की बेजा कटौती की जा रही है। वही बिजली बिल बाकी होने के कारण बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा गांवों में किसानों की बिजली लाईने थोंक के भाव में काटे जाने की खबर आम बात हो चुकी है? या फिर उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुये सामन की जप्त की जा रही है। जिससे किसान नलकूपों से खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे है। ग्राम मऊ निवासी कृषक राधेश्याम का कहना है कि किसान तो समर्थन मूल्य पर अपना अनाज बेचकर फुर्सत हो जाता है पर कृषकों के बेचे गए खाद्यान्न के दाम बाद में बढ़ जातें है और व्यापारी लाखों के बारे न्यारे करते है। ऐसी हालत में किसान सौ दिन चले अढ़ाई कोस की कहावत की तर्ज पर जहां का तहां खड़ा रह जाता है। ग्राम सूखाखैरी निवासी कृषक मानसिंह पटैल का कहना कि विपरीत मौसम, बिजली संकट, खाद की कीमतों में अस्थिरता से किसानों का बुरा हाल हो रहा है। बिजली विभाग की मनमानी के चलते किसानों के खेत में सूखे की हालत दिखायी पड़ रही है, उसनें किसानों का मनोबल तोड़नें की शुरूआत कर दी है। किसानों की बोट चाहनें वाले नेता किसानों से मुँह मोड़े हुए और सरकार की योजनाओं का लाभ भी किसानों को नही मिल रहा है। क्योंकि जिस प्रकार से बिजली विभाग द्वारा गांवों में थोक के भाव में बिजली काटी जा रही है उससे वह किसान भी परेशान हो रहे है जो समय पर अपने अपने बिलों का भुगतान करते रहते है आखिर में बिलों का भुगतान करने वाले किसानों की बिजली काटने का क्या मतलब है। प्रशासन को किसानों की मुश्किलों के हल के लिए लगातार पहल करना चाहिए।



# स्कूलों में देखी गई पीएम पोषण की व्यवस्थाएं

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** बुधवार को जिला मुख्यालय से पीएम पोषण की प्रभारी श्रीमति अंजू भारती एवं राजेंद्र अग्रवाल ने जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पाली (खैरी ) एवं पोडार की शासकीय प्राथमिक शालाओं का भ्रमण कर पीएम पोषण योजना के तहत मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्व सहायता समूहों के रसोईयो एवं छात्र छात्राओं से चर्चा कर पीएम पोषण से जुडी जानकारी लेने के साथ ही कहा कि बच्चों को मीनू अनुसार गुणवत्तायुक्त भोजन मिले। वही स्कूलों मे भोजन का सेम्पल टिफिन मे हमेशा रखा जाये एवं भोजन बनाते समय साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। पाली की शासकीय प्राथमिक शाला मे उन्होंने पीएम पोषण की व्यवस्थाओ पर प्रसन्नता जताई एवं कहा कि समय समय पर यहाँ तिथि भोज का आयोजन होना एक सराहनीय पहल हैं। इस अवसर पर बीएसी पवन राजोरिया, प्रधान पाठक सिराज अहमद सिद्धिकी, ब्रजेश श्रीवास आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### भाजपा जिलाध्यक्ष का कोतमा विस में 7 से 9 मार्च तक चलेगा संपर्क अभियान

**अनूपपुर** । भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम का जिले के सभी मंडल क्षेत्र में प्रथम दौरा कार्यक्रम एवं नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्षों से कार्यकर्ताओं से मिलन समारोह का कार्यक्रम लगातार किया जा रहा है। अनूपपुर विधानसभा के समस्त मंडल में कार्यक्रम के पश्चात दिनांक 7 मार्च को दोपहर 12:00 बजे राजनगर ग्रामीण मंडल स्थान ग्राम चोड़ी पोड़ी के सामुदायिक भवन में कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है इसके बाद दिनांक 7 मार्च को शाम 4:00 बजे बिजुरी मंडल स्थान डाकियो के सामने भवन में कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित किया गया है। दिनांक 8 मार्च दोपहर 12:00 बजे कोतमा ग्रामीण मंडल स्थान सामुदायिक भवन निगवानी में कार्यक्रम किया जाना है दिनांक 8 मार्च शाम 4:00 बजे कोतमा नगर मंडल स्थान मंगल भवन कोतमा में कार्यक्रम किया जाना है। 9 मार्च दोपहर 3:00 बजे राजनगर मंडल स्थान मधुबन क्लब राजनगर में कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित किया गया है, कार्यक्रम में मंडल में निवासरत समस्त जिला पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष सहित मंडल पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। भाजपा के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं ।

### एक सप्ताह से स्टेट बैंक का ई कॉर्नर एटीएम बंद, लोग परेशान

**अनूपपुर**। एक सप्ताह से स्टेट बैंक का ई कॉर्नर एटीएम बंद होने से लोग परेशान है। उपभोक्ताओं को पासबुक एंट्री करने, पैसा जमा करने व निकालने में बैंक मे लंबी लाइनों पर खड़े होना पड रहा है। ई कॉर्नर एटीएम होने के बाद भी लोगों को इसका फायदा नहीं मिला पा रहा है। मजबूरन बैंकों में लाइन लगाकर खाते से रुपए निकालने, जमा करने पर पासबुक प्रिंटिंग के लिए मैनुअल तरीके का सहारा लेना पड़ रहा है। मशीनों में खराबी के बाद ग्राहक कई दिनों तक सुधरने का इंतजार करते रहते हैं। बैंक प्रबंधन का कहना है कि संबंधित कंपनियों के इंजीनियर ही खराबी दूर सकते हैं, जबकि बैंक प्रबंधन हमेशा त्वरित ग्राहक सेवा का वादा करते हैं।

### अतिथि शिक्षकों के मानदेय को लेकर विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस किया प्रदर्शन

**अनूपपुर**। विगत 07 माह से अतिथि शिक्षकों को मानदेय,वेतन न मिलने के संबंध में कांग्रेस कमेटी ने 5 मार्च को सहायक आयुक्त कार्यालय में तालाबंद आंदोलन की चेतावनी दी थी। उसी तारतम्य में पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडे एवं अनेकों कांग्रेस जन सहायक आयुक्त कार्यालय में प्रदर्शन करने के लिए धरने पर बैठे एवं ताला बंद करने की चेतावनी भी दी थी। जिसको लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए थे।जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडे द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ अंतर्गत कार्यरत विभिन्न विद्यालयों प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल, उ.मा.वि.में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को विगत 07 माह से मानदेय, वेतन नहीं मिल रहा है। अतिथि शिक्षकों को परिवार के पालनपोषण हेतु मानदेय ही एक मात्र सहारा है, परन्तु विगत 07 माह से वेतन न मिलना चिन्ताजनक है। पुष्पराजगढ़ विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस जन धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। जिसके बाद स्वयं सहायक आयुक्त प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर पुष्पराजगढ़ विधायक को लिखित में पत्र दिया। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि 4 मार्च को अतिथि शिक्षक प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय में आवंटन तथा 5 मार्च को हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डी में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय में आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके देयक कोषालय में प्रस्तुत कर दिये गये है तथा उक्त मानदेय का भुगतान 05 दिवस में कर दिया जायेगा।

# बोलेरो में 10 किलो गांजा सहित 2 गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

डिंडौरी

पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह द्वारा थाना क्षेत्र मे अवैध गतिविधियो पर अंकुश लगाने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया था। उसी तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक महोदय जगन्नाथ मरकाम एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डिण्डौरी के के त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दो गांजा तस्करो को धर दबोचा हैं। उनके पास से करीब 10 किलो गांजा बरामद किया गया।



मंगलवार को मुखबिर खास के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जमुनिया रोड भर्रा टोला में दो व्यक्त एक बोलेरो वाहन में मादक पदार्थ गांजा को रखकर बेचने हेतु जाने के फिराक में हैं। जिसकी सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा अविलंम्ब, तत्परता से रेड कार्यवाही हेतु वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुये घटनास्थल पर पहुंची तो पुलिस को आता देख दोनों आरोपी भागने लगे जिन्हे घेराबंदी कर बोलेरो सवारो को पकड़ा गया। उनकी कार की तलाशी ली गयी तो कार मे रखे सफेद रंग बोरी में कुल 10 किलो गांजा बरामद हुआ हैं। पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपियो में सिप्पू उर्फ़ राधेश्याम पिता नत्थू, लोकसिंह धुर्वे पिता कारेलाल दोनों निवासी ग्राम माड़ियारास बताये है। जिनके विरूध्द थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया हैं। जब्त मादक पदार्थ गांजा की बाजार में अनुमानित कीमत 01 लाख है। आरोपियो से 10 लाख कीमती की बोलेरो कार बरामद किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली दुर्गाप्रसाद नगपुरे, संजय धुर्वे, मनमोहन सिंह, प्रवीण खम्परिया, विशाल पटेल, सुनील मरावी, सतेंद्र डहेरिया, रामसिंह, कैलाश द्विवेदी, नीलेश साहू, मनोज कुंजाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, फरार आरोपी गिरफ्तार

**डिंडौरी**। जिला अस्पताल से प्राप्त अस्पताली सूचना की जाँच दौरान पीडिता नाबालिक ने बताई कि आरोपी ईश्वर पन्द्रे पिता सोनसिंह पन्द्रे निवासी मुरकुटा से मोबाईल फोन से बातचीत से जान पहचान होना जो आरोपी ईश्वर पन्द्रे पीडिता के घर में आकर पीडिता के साथ शारीरिक संबंध बनाना तथा पीडिता को बहला फुसलाकर शादी करने का झांसा देकर अपने साथ अपने घर मुरकुटा ले जाकर साथ में रखना व कई बार शारीरिक संबंध (बलात्कार) करने से गर्भवती होना बताने पर आरोपी ईश्वर पन्द्रे के विरूध्द अपराध धारा 127(4),137(2),64,64(2)(m),65(1) बीएनएस. एवं 3,4,5L,6 पॉक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से मामले की जानकारी वरिष्ट अधिकारियो को दिया जाकर आरोपी ईश्वर पन्द्रे के विरूध्द उपरोक्त अपराध धारा का



अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

समनापुर थाना प्रभारी निरी. कामेश कुमार धूमकेती द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु तत्काल टीम गठित कर आरोपी ईश्वर पन्द्रे पिता सोनसिंह पन्द्रे निवासी ग्राम मुरकुटा थाना मोतीनाला जिला मण्डला की तलाश हेतु रवाना होकर आरोपी के सकुनत ग्राम मुरकुटा पहुँचकर दबिश दिया गया जो आरोपी ईश्वर पन्द्रे अपने घर में उपस्थित मिला जिसे हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो अपना जुर्म करना स्वीकार किया आरोपी को गिरफ्तारी का कारण बताकर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय डिण्डौरी पेश किया गया।

### इनकी रही विशेष भूमिका

थाना प्रभारी समनापुर निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती, उपनिरी. पारस यादव, सउनि. जगदीश धूमकेती, प्रआर. 160 देवेन्द्र मरावी की सराहनीय भूमिका रही है।

# जिले में ई-ऑफिस कार्य प्रणाली का प्रशिक्षण जारी



डिंडौरी ।

जिले में शासकीय दफ्तरों में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली लागू करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत फाइलों का संचालन ई-ऑफिस पोर्टल के माध्यम से करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के परिपालन में आज बुधवार को कार्यालय जनपद पंचायत डिंडौरी के सभाकक्ष में तहसीलदार डिण्डौरी, नायब तहसीलदार शाहपुर, राहायक आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग डिण्डौरी, जिला योजना अधिकारी, श्रम विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास डिण्डौरी, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद डिण्डौरी, खाद्य शाखा, सहायक आयुक्त सहकारिता, जनसंपर्क कार्यालय, परियोजना अधिकारी डूडा, जिला प्रबंधक ई-गर्वनेंस, जिला खेल विभाग, कार्यालय जिला कोषालय, पेंशन कार्यालय, जिला पंजीयक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिण्डौरी के अधिकारी कर्मचारियों को जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री प्रशांत कौशिक, मास्टर ट्रेनर श्री दीपक चौबे द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में ई-ऑफिस पोर्टल के क्रियान्वयन की बारीकियां सिखाईं गई। साथ ही ई-ऑफिस पोर्टल का उपयोग कर शासन की पेपरलेस अवधारणा का पालन करने के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन आज कार्यालय जनपद पंचायत डिंडौरी के सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित की गई।

# कर्मचारी महासंघ करंजिया की बैठक संपन्न

डिंडौरी

कर्मचारी महासंघ करंजिया की बैठक में सर्व सम्मति से शिक्षकों के समय सुधार हेतु कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते का निर्णय लिया गया और सार्थक एप में शिक्षकों की उपस्थिति का समय 10:30 से 4:30 मांग रखा गई। दअरसल मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जनता को राहत देने एवं शासकीय कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया। और सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर सभी विभागों में सार्थक एप के माध्यम से आनलाईन उपस्थिति करने के आदेश जारी कर दिया गया। पूरे मध्यप्रदेश में लगभग साढे. सात लाख शासकीय कर्मचारियों की संख्या है। जिसमें चार लाख पांच हजार दो सौ चौहत्तर अधिकारियों और कर्मचारियों की आई डी बन गई है। विगत दिन पंचानबे हजार चार सौ सतहत्तर कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति सार्थक एप पर पूरे प्रदेश में दर्ज की है। जबकि तीन लाख नौ हजार सात सौ संतानबे अनुपस्थित थे।

### सुशासन की दिशा में सार्थक एप

मध्यप्रदेश सरकार के आदेश के परिपालन में डिंडौरी जिले के कलेक्टर ने आम जनता के कार्य को शीघ्र करने एवं प्रशासन को समय पर उपस्थिति सार्थक एप अटेंडेंस का आदेश जारी कर दिया गया। जहां अपने कर्तव्य का परिपालन में जिले के 39 विभागों के 2553 कर्मचारियों की आईडी बना जिसमें 20133 कर्मचारियों ने सार्थक एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज की वहीं 420 कर्मचारियों अनुपस्थित पाऐ गए।

### नेटवर्क की कोई समस्या नहीं

शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष राम कुमार गर्ग ने जिला प्रशासन के आदेश पर कहा कि सार्थक एप में नेटवर्क की कोई समस्या नहीं है बिना नेटवर्क के आनलाईन उपस्थिति दर्ज हो जाती है और नेटवर्क पर आने से वहीं उपस्थिति उसी समय की दर्शाता है। सार्थक एप में सभी आप्शन है अधिकारियों और कर्मचारियों को आनलाईन उपस्थिति के साथ मीटिंग की जानकारी सर्वे आदि सभी कार्य को करने के आप्शन है। जनहितैषी सार्थक एप में कर्मचारियों की सभी सुविधाओं को ध्यान में रखकर एप का निर्माण किया गया है जो जनहितैषी और कर्मचारियों के हित के लिए उपयोगी है।नेटवर्क की कोई समस्या नहीं वर्तमान में शिक्षक अपने मोबाइल से छात्रों की मैपिंग और परीक्षाओं से संबंधित कार्य करते है। मध्यप्रदेश सरकार सभी शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध करा चुकी है।

जिले में सार्थक एप को शासकीय शिक्षक संगठन, शिक्षक संघ मध्य प्रदेश, राज्य कर्मचारी संघ, अजाक्स संगठन, लघु वेतन कर्मचारी संगठन, पंचायत विभाग संगठन स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त बहुत सारे संगठनों का साथ मिला है और जिले 39 विभागों ने अपनी उपस्थिति सार्थक एप में दर्ज करना शुरू कर दिया है।



### इनका कहना है “

सार्थक एप में उपस्थिति से कोई परेशानी नहीं है। हम हर कार्य आनलाईन ही करते है तो हाजरी भी आनलाईन लगा सकते है।

**खेमचंद पडवार,**
जिला अध्यक्ष प्रांतीय शिक्षक संगठन।

मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा सुशासन के लिए उठाए गए कदमों में एक सार्थक एप जनहितैषी एप है। हम इसका स्वागत करते है।

**सनत कुमार तिवारी,**
जिला अध्यक्ष ट्रायवल वेल्फेयर टीचर्स एसोसिएशन डिंडोरी।

सार्थक एप में आनलाईन उपस्थिति से कामचोर सरकारी कर्मचारियों पर लगाम लगेगी। हम एप का स्वागत करते है और इसमें हाजरी लगाना भी प्रांरभ कर दिया गया है।

**सुशील कुमार नागेश्वर**
ब्लॉक अध्यक्ष
अजाक्स करंजिया

# कलेक्टर ने कार्यालय ग्राम डांडविदयपुर का किया औचक निरीक्षण



**डिंडौरी** । कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने ग्राम पंचायत डांडविदयपुर के पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन का निरीक्षण करते हुए पंचायत में चल रहे निर्माण कार्य, हितग्राहियों की स्थिति, संचालित शासकीय योजना सहित अन्य बिन्दुओं पर जानकारी ली। जिसमें शासकीय योजनाओं की जानकारी सहित अन्य मूलभूत जानकारी पंचायत भवन में नहीं पाई गई साथ ही निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन कार्यालयीन समय पर खुला नहीं पाया गया। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने हिदायत देते हुए संबंधित अधिकारियों को जिले के समस्त ग्राम पंचायत कार्यालयों को कार्यालयीन समय में खुलवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त पंचायत कार्यालयों में शासकीय योजनाओं की जानकारी, हितग्राहियों की जानकारी, संचालित निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी सहित अन्य मूलभूत जानकारियों को पंचायत भवन के सूचना पटल और दीवारों पर चस्पा करवाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सांसद प्रतिनिधि ने किसानों के बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**डिंडौरी** । करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर में मंगलवार को किसानों को लेकर अलग अलग राज्य और शहर जा रहें बस को सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर हस्तपुरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद प्रतिनिधि हस्तपुरिया ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजनांतर्गत राज्य के बाहर कृषक अध्ययन भ्रमण हैदराबाद तेलंगाना कृषि रिसर्च सेंटर में एवं जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय में यह किसान कृषि क्षेत्र में नई उन्नत तकनीक की जानकारी सिख कर आएंगे। इसमें वह देखेंगे कि कैसे अधिक उत्पादन के लिए खेतों को तैयार कर खाद बीज बोया जाता हैं।



इन्होंने बताया कि शासन प्रशासन की मंशा है कि कृषकों का दल भ्रमण से आकर नई तकनीकों का उपयोग खेती कर कृषि को लाभ का धंधा बनाएं। इस दौरान झनकी के पूर्व सरपंच ओमकार सिंह राजेंद्र गवले, कृषि विस्तार अधिकारी हर्षवर्धन चौधरी सहित किसान मौजूद रहें।

# पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



मेंहदवानी

राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेहदंवानी में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत इको क्लब द्वारा मंगलवार को प्राचार्य डॉक्टर लेखराम कुर्मी के मार्गदर्शन में एवं इको क्लब प्रभारी सुश्री माया कनासे के संयोजन में कृषि विज्ञान केंद्र डिंडोरी में औषधीय पौधे एवं उनका संरक्षण, नर्सरी प्रबंधन, गोबर गैस तथा जैविक खाद निर्माण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें डां . पी.एल अमबुलकर वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा श्री अवधेश कुमार पटेल वरिष्ठ तकनीकी सहायक के द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को औषधीय पौधों की उपयोगिता एवं उनका रखरखाव, नर्सरी प्रबंधन में मिट्टी तैयार करना रोपण तथा सिंचाई, कीट नियंत्रण, पौधों की देखभाल, बायोगैस की उपयोगिता, जैविक खाद निर्माण तथा इन सभी का पर्यावरण में विशिष्ट योगदान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 30 विधार्थी उपस्थित रहे एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## साइलेंसर से पटाखे की आवाज छोड़ने वाले ‘बुलेट राजाओं’ पर कार्यवाही की दरकार

# वाहनों में हूटर लगाकर सायरन बजाने वालों पर सख्त नहीं प्रशासन

### पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद भी सुस्त यातायात पुलिस

अनूपपुर।

बाइक की तेज रफ्तार और आवाज वाले साइलेंसर से लोग परेशान हैं। दोपहिया वाहनों में लगे तेज आवाज का साइलेंसर इन दिनों लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है। युवा दोपहिया वाहनों में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर सड़कों में बेधड़क तेजी से वाहन दौड़ा रहे हैं, लेकिन ऐसे वाहन चालकों पर कार्यवाही नहीं होने से मनमानी बढ़ती जा रही है। इसके कारण ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है। कुछ वाहन चालक नाबालिग भी है। युवा वर्ग दोपहिया वाहनों में मॉडिफाई करवाकर तेज और ज्यादा आवाज निकालने नए साइलेंसर लगवा रहे हैं।

### हॉर्न के शोर को इतने डेसीबल करने का दिया सुझाव

शहर में प्रेशर हार्न के कारण सबसे ज्यादा मरीज और छात्र परेशान हैं, आज शहर के हर मुख्य मार्ग पर बड़े-बड़े वाहन और बाइक में इसका उपयोग हो रहा है। मरीज के परिजन इस मामले में शिकायत भी नहीं कर पाते, क्योंकि प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले कहीं भी गाड़ी ले जाकर इसका उपयोग कर रहे हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने हॉर्न के शोर को 100 डेसीबल से कम करने का सुझाव दिया था, विशेषज्ञों का कहना है कि 8 घंटे तक 93 डीबी से अधिक ध्वनि के संपर्क में रहने पर कानों की सुनने की क्षमता को नुकसान हो सकता है। हरिभूमि ने कई बार इस समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया लेकिन प्रशासन व पुलिस तथा यातायात विभाग के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण ऐसे वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं और नगर में लोग ऐसे वाहन चालकों से परेशानी का सामना कर रहे हैं ।

### बेखौफ बज रहे हूटर

वर्तमान में नगर में कई ऐसे चार पहिया वाहन है जिसमें हूटर लगाकर सायरन बजाते हुए देखा जा सकता है। हूटर लगे वाहनों से सायरन की आवाज नागरिकों को तो सुनाई देती है लेकिन प्रशासन को यह न दिखाई देता है और न ही सुनाई देता है जिसके कारण ऐसे वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन को अभियान चलाकर वाहन में हूटर लगाकर सायरन बजाती गाड़ियों एवं वाहन चालक के साथ ही वाहन स्वामी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने की नागरिकों ने मांग की है ।

### ठोस कार्यवाही की दरकार

पूर्व में जिला मुख्यालय में दिखावे के लिए यातायात पुलिस ने बुलेट राजाओं को सबक सिखाने के लिए कुछ कार्यवाही थी, लेकिन वह नाकाफी था। जिस कारण आज भी जिला मुख्यालय समेत जिले भर मे ऐसे वाहनों की भरमार है। क्या यातायात विभाग ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करेगी यह नागरिकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्ञात हो कि आजकल बुलेट बाइक में कंपनी फीटेड साइलेंसर को निकालकर तेज साउंड बनाने वाला साइलेंसर युवाओं के बीच काफी ट्रेंड में है। जिससे वे फायर साउंड निकालने की कोशिश करते हैं।

### पुलिस मुख्यालय का भी आया आदेश

पुलिस मुख्यालय भोपाल के उपपुलिस महानिरीक्षक ने निजी वाहनों में हूटर, फ्लेश लाईट, व्हीआईपी स्टीकर एवं गलत नम्बर प्लेट का दुरूपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का एक आदेश 1 मार्च को जारी किया है। जिसमे लेख किया गया है कि प्रदेश में मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के विरूद्ध निजी वाहनों में हूटर, वाहन के ऊपर फ्लेश लाईट (लाल, पीली, नीली बत्ती), वाहन पर VIP स्टीकर चस्पा करना एवं गलत नम्बर प्लेट के मामले विगत कुछ समय से लगातार बढ़ते जा रहे है।

खबर संक्षेप



## दिव्यांग बच्चों के पालकों को दिया एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार दिव्यांग बच्चों के पालकों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिनांक 3-3-2025 को वन विद्यालय लखनादौन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक निगम जी ए.पी.सी.आईडी, जिला शिक्षा केंद्र सिवनी हरीश बर्मन एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राम पटले बीएससी कैलाश साहू एवं चार विकासखंड से आए मास्टर ट्रेनर्स धनोरा से श्रीमती मनीषा पांडे अर्चना सोनी घंसौर से हरवंश यादव मनोज चौबे लखनादौन से जी पी चंदेल एवं श्री उत्तम दहीकर एवं सिवनी से सरिता राहंगडाले की उपस्थिति में मां सरस्वती पूजन वंदन के साथ किया गया एपीसी श्री बर्मन ने अपने उद बोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चे हमारे समाज के अभिन्न अंग है,दिव्यांग बच्चों को सामान बच्चों के साथ पढन्ना और नियमित शाला में उपस्थित बनाना हम सभी पालकों का कर्तव्य है उन्होंने अपने वक्तव्य में ओलंपियाड खेल कूद गतिविधियों में दिव्यांग बच्चों को कैसे आगे लाया जा सकता है उसके बारे में बताया मैं दीपक निबंध निगम जी ने अपने उद बोधन में कहा कि हमने कई ऐसे दिव्यांग बच्चे देखे हैं जिन्होंने सामान बच्चों से ज्यादा कार्य क्षमता रख कर अपना नाम रोशन किया है।

## उपयंत्रियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन जिला समिति सिवनी के तत्वाधान में आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समस्त उपयंत्रीयों के द्वारा प्रदेश स्तरीय मांगो के लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं मंत्री महोदय पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को कलेक्टर महोदया के माध्यम से ज्ञापन दिया गया। जिसमें प्रमुख मांगों में संविदा उपयांत्रियों को पारिश्रमिक का पुनः निर्धारण किया जाए और मैट्रिक्स लेबल 10 के अनुसार वेतन भुगतान किया जाए। संविदा उपयांत्रियों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जाए। नवीन पदस्थ उप यात्रियों को 3200 की जगह 3600 ग्रेड पे से वेतन भुगतान किया जाए। संविदा उपयांत्रियों को नियमित कर्मचारियों की भर्ती कर्मचारी भविष्य निधि की कटौती की जाए और अन्य मांगे थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी एवं कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यंत्री की सेवा को अपनी स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया।

## पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति हुए 3 पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में जिला पुलिस बल सिवनी पुलिस सेवा से दिनांक 28 फरवरी 2025 को सेवानिवृत हुवे 03 पुलिस अधिकारियों 1. उप निरीक्षक बुद्धन मरावी (थाना कुरई ) 2. सहायक उप निरीक्षक मेर सिंह परते (पुलिस लाइन) 3. प्रधान आरक्षक महेश कुमरे ( पुलिस लाइन) को सम्मानित किया गया। अधिवर्षता सेवा पूर्ण करने पर पुलिस अधिकारियों को उपहार भेंट करते हुए शाल, श्रीफल, पुलिस स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी को मंगलमय जीवन एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी गई।

### पंचायत मंत्री प्रहलाद पटैल के द्वारा दिये गये वक्तव्य पर जिला मुख्यालय पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

# आधा पुतला पुलिस ले भागी-आधा कांग्रेसियों ने जलाया






हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बुधवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने सुभाष पार्क के पास केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान को लेकर विरोध प्रदर्षन करते हुए उनके बयान की निंदा की साथ ही यहां पर कांग्रेस के अनेक नेताओं ने सार्वजनिक रूप से प्रहलाद पटैल से माफी मांगने और उनसे स्तीफा देने की मांग की। सुभाष पार्क के समीप सभा के बाद प्रदेष सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच पुतला दहन को लेकर कहा सुनी और झूमाझटकी हुई। पुतला दहन के बाद कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन तक विरोध प्रदर्षन रैली निकाली गई। रैली में श्री पटेल के खिलाफ नारेबाजी की गई। वहीं आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि यदि प्रहलाद पटेल मंत्री पद से स्तीफा नही देते तो उन्हें मुख्यमंत्री को बर्खास्त करना चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीषरण तिवारी, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटैल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति मिश्रा ने कहा कि मंत्री प्रहलाद पटेल ने सार्वजनिक रूप से आम आदमी को अपमानित किया है। उनके द्वारा लोगों को भिखारी कहना बेहद आपत्तिजनक है। प्रहलाद पटेल भूल जाते हैं कि जनता जनार्दन के वोट से ही वे नेता बने है और इसी इसी जनता जनार्दन का अपमान कर रहे हैं जबकि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधि से मांग रखना लोगों का अधिकार है। वक्ताओं ने कहा कि सत्ता के मद में प्रहलाद पटेल भूल गए हैं कि इसी जनता से वोट की भीख मांगकर वे



मंत्री बने। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले 20 साल में विकास नही किया गया। जिले में अवैध कारोबार भाजपा नेताओं के संरक्षण में चल रहा है। नर्मदा नदी की दषा-दिषा अवैध उत्खनन कराकर विगाड़ दी और अब लोगों को अपमानित कर रहे है। इस दौरान कांग्रेस नेता लाखन सिंह पटेल ने कहा कि प्रहलाद पटेल और उनके छोटे भाई जालम सिंह पटेल अवैध कारोबार को बढ़ावा देते हैं। लाखन सिंह पटेल ने आरोप लगाया कि प्रहलाद पटेल ने अपने बयान से सभी के साथ लोधी समाज का विषेष रूप से अपमान किया है जिसे बर्दास्त नही किया जायेगा। उक्त मौके पर डॉ. राजेन्द्र किलेदार,डॉ. संजीव चांदोरकर, राजेन्द्र रघुवंषी, रूद्रेष तिवारी, कंछेदी पटेल, भूपेन्द्र शर्मा, अजय दुबे, रोहित पटेल, संजय राजपूत, देवेन्द्र शुक्ला, बुद्धीप्रकाष विष्वकर्मा, नारायण महोबिया, ब्रजेष चैकसे, अमित राय गोलू, प्रताप पटेल, रामरतन पटेल, इर्षान राय के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों ने धरना सभा को संबोधित किया और ज्ञापन देकर प्रहलाद पटेल के खिलाफ मंत्री पद से अलग करने की कार्यवाही की मांग की।

### पत्रकारवार्ता आयोजित

धरना सभा और प्रदर्षन के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीषरण तिवारी, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटैल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति मिश्रा ने कहा कि प्रहलाद पटेल ने लोकतंत्र की सारी मार्यादाओं को तोड़कर आम जनता का घोर अपमान किया है। प्रहलाद पटेल का बयान यह दर्षाता है कि भाजपा की विचारधारा आम आदमी को




भिखारी ही समझती है। पत्रकारवार्ता ने कांग्रेस नेताओं ने श्री पटेल पर कई गंभीर आरोप लगाए और उनसे स्तीफा देने की मांग की। साथ ही कहा कि यदि भाजपा संगठन और मुख्यमंत्री प्रहलाद पटेल के खिलाफ कार्यवाही नही करते तो यह माना जायेगा प्रहलाद पटेल का जो बयान है उसको भाजपा और मुख्यमंत्री का संरक्षण है।

## पीजी कालेज में 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का आयोजन महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं एवं कार्यरत महिला कर्मचारियों अधिकारियों के लिए किया जा रहा है। 15 दिवसीय कार्यक्रम 04 मार्च से 18 मार्च तक महाविद्यालय परिसर में क्रीड़ा विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरबी सिंह द्वारा छात्राओं को हिम्मत आत्मबल एवं साइबर क्राइम जैसी चीजों से अवगत कराया गया। अर्पित सक्सेना क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा सोशल मीडिया एवं साइबर क्राइम पर जोर दिया गया, विद्यार्थियों को धारा 354,1930 साइबर क्राइम, 1091 महिला हेल्पलाइन नंबर बताया गया एवं 15 दिन के पूरे प्रोग्राम के बारे में सभी विद्यार्थियों को बताया गया इन 15 दिनों में विद्यार्थियों को मानसिक शारीरिक एवं टेक्निकल ट्रेनिंग देकर आत्मरक्षा के गुण सिखाए जाएंगे। विधि विभाग के माध्यम से नेशनल कमिशन फॉर वूमेन, साइबर डिपार्टमेंट की मदद से साइबर क्राइम एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण अशोक नामदेव एवं क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना द्वारा मोबाइल फोन का इस्तेमाल एवं उससे होने वाले बचाव एवं पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा सभी के सामने रखी गई इन विद्यार्थियों को मार्शल आर्ट, साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा से संबंधित धाराओं के साथ-साथ अपना मस्तिष्क का इस्तेमाल करते हुए आत्मरक्षा करना सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में लगभग 80 छात्राओं ने पंजीयन कराया। प्रशिक्षण उपरांत सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान डॉ नमिता साहू, श्रीमती प्रीति कौरव, सुश्री इंदु सिंह, श्रीमती रजनी साहू, जीजी बाई लोधी, राधा नौरिया, अनिकेत साहू उपस्थित रहे।

### राजेश ठाकुर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संभाग स्तरीय अधिकारी- कर्मचारी बैडमिंटन पुरूष प्रतियोगिता अंडर 50 पुरुष वर्ग शासकीय विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में आयोजित हुई। उक्त प्रतियोगिता में डॉ राजेश कुमार ठाकुर सहायक प्राध्यापक इतिहास प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर विजेता रहे। इनका चयन राज्य स्तरीय अधिकारी- कर्मचारी बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु हुआ। जो 06 से 08 मार्च को एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच में आयोजित है।

### पर्यावरण भ्रमण पर छात्रों ने मृगन्नाथ पहाड़ी का किया भ्रमण

**तेंदूखेड़ा।** पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) पर्यावरण विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं पर्यावरण वन एवं जलवायु मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के अंतर्गत संचालित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयमा डोभी के धरांचल इको क्लब छात्रों ने पीपरवानी ग्राम स्थित मृगान्नाथ क्षेत्र के वन एवं पहाड़ी क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विभिन्न वनस्पतियों एवं उनके उपयोग के बारे में जानकारी एकत्रित की। वन एवं वन के परिस्थिति तंत्र को भी जाना। इसी के साथ छात्रों को पीपरवानी में होने वाली प्रकृति पान की खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में इको क्लब प्रभारी संस्था प्राचार्य एवं शाला के सभी शिक्षक शामिल हुए।



### धीरेन्द्र शास्त्री जी महाराज एवं मुख्यमंत्री ने दिया नव युगल को शुभाशीष



**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले की तेंदूखेड़ा तहसील के ग्राम लोलरी में प्रदेश के स्कूल शिक्षा व परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह के निवास आकर नवविवाहित युगल राव अनुज प्रताप सिंह और अमीषा को सुखमय दाम्पत्य जीवन की बधाई, शुभकामनाएं देकर शुभाशीष प्रदान किया। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निवास स्थित भगवान शिव के मंदिर जाकर पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह विधायकद्वय श्री विश्वनाथ सिंह पटेल व श्री महेन्द्र नागेश पूर्व राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे। इस मौके पर डीआईजी श्री सचिन अतुलकर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इसके पूर्व दोपहर में बागेश्वर धाम से धीरेन्द्र शास्त्री जी महाराज ने भी लोलरी पहुंच कर वर वधु को शुभाशीष दिया।



## पांचवी आठवीं के परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**तेंदूखेड़ा।** विगत 1 मार्च को कक्षा पांचवी की बोर्ड परीक्षा समाप्त हो चुकी है तथा 5 मार्च को कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा भी समाप्त हो गई है।आज 6 मार्च से कक्षा छठवीं सातवीं तथा तीसरी चौथी और पहली दूसरी की परीक्षाएं भी प्रारंभ हो जाएगी। विगत दिवस विकासखंड स्त्रोत ने अपनी टीम के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी में बने कक्षा पांचवी एवं आठवीं के बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की स्थिति का जायजा लिया। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड में बने सभी 35 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं शांतिपूर्वक संचालित कराई गई इस बार प्रश्न पत्र भी बहुत सरल पद्धति से बनाए गए हैं जिससे छात्र-छात्राओं को पर्चा हल करने में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ रहा है। कक्षा आठवीं में सम्मिलित 215 बच्चों में से 6 बच्चे अनुपस्थित पाए गए अब इनकी परीक्षाएं आगामी सत्र के पूर्व संचालित कराई जाएगी।

# तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर मौत बन कर अंधी रफ्तार में दौड़ रहे कंटेनर हाइवा

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग के बीच प्रतिदिन अंधी रफ्तार में दौड़ रहे सैकड़ों की संख्या में हाईवा कंटेनर जान लेवा सिद्ध हो रहे हैं।आये दिन खून से सनती सड़कें और बाहनों की टूट-फूट लोगों का जख्मी होना अब आम बात हो गई है। कुछ ही समय पूर्व हीरापुर के एक प्रतिष्ठित कृषक को कंटेनर ने हमेशा हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया है इसी विषय को लेकर मुख्य सड़क मार्ग पर हीरापुर के निकट चक्काजाम कर प्रशासन को चेता दिया था प्रशासन ने भी पीड़ित वर्ग को आश्वस्त किया था कि इन अंधी रफ्तार में दौड़ने वाले वाहनों पर लगाम लगा दी जायेगी। लेकिन अब पुनः वही स्थिति सड़कों पर देखने को मिलने लगी है। मंगलवार की शाम को एक यात्री बस को कट मारकर कंटेनर फरार हो गया था।गनीमत रही कि बस में जितने भी यात्री सवार थे सभी बाल बाल बच गए।दस यात्रियों में चार को ज्यादा चोटें आई और हाथ पैरों में टूट फूट हुई है शेष को चोटें है।बस ने बाल बाल बचाने के प्रयास तो खूब किये यदि बस सामने से भिड़ती तो मौके पर गंभीर स्थिति



निर्मित हो सकती थी। कंटेनर बस को खाई में गिरती देख फरार भी हो गया।

### बड़े आंदोलन की बन रही योजना

गौरतलब रहे कि तेंदूखेड़ा से गाडरवारा तरफ जाने वाले सड़क मार्ग पर एन टी पी सी की राखड़ भरकर सैकड़ों की संख्या में कंटेनर हाइवा इस सड़क मार्ग से दिन-रात अंधी रफ्तार में दौड़ रहे हैं। चूंकि इनकी रफ्तार के आगे छोटे बाहन चालक दूर से ही बाजू में अपनी रफ़्तार धीमी कर खड़े हो जाते हैं। साथ साथ पीछे तरफ से आने वाले वाहनों को क्रासिंग साइड देने में इन भारी बाहनों की मनमानी चला करती है।इनकी गतिविधियों पर विराम ना लग पाने की स्थिति में अब क्षेत्रीय लोग पुनः एकजुट हो रहें हैं आने वाले समय में शीघ्र ही एक बड़ा आंदोलन करने की योजना बनाई जा रही है। लोगों का कहना है कि इन कंटेनरों को करेली होकर मुख्य सड़क मार्ग एन एच 44 होकर निकाला जाये। तथा इस मार्ग से निकलने वाले कंटेनरों की रफ्तार कम कराई जाये।